श्री मो० अबिदुर रहमान, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/171 का उतर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बाँसवाड़ी पंचायत अंतर्गत डम्हैली बथना धार से डम्हैली कब्रिस्तान तक लगातार पनार नदी का कटाव हो रहा है, इसके कारण कब्रिस्तान नदी में विलीन होने की ओर अग्रसर है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव रोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत बाँसबाड़ी पंचायत में परमान नदी प्रवाहित होती है। ग्राम बथना के समीप परमान नदी से एक धार निकलती है जो ग्राम डम्हैली के समीप परमान नदी में ही मिल जाती है। स्थानीय लोग इस धार को डम्हैली बथना धार कहते हैं। परमान नदी एवं प्रश्नगत धार के बीच का प्रभाग जिसका प्राकृतिक सतह नीचा है, में कब्रिस्तान अवस्थित है। बाढ़ अवधि के दौरान नदी/धार के जलस्तर में वृद्धि होने पर नदी का पानी इस प्रभाग में फैलता है । जलस्तर में कमी होने पर पानी स्वतः नदी में वापस चला जाता है। इस स्थल के समीप कटाव की समस्या नहीं है। प्रश्नगत स्थल के समीप परमान नदी के बायें तट पर भी कब्रिस्तान अवस्थित है। इस स्थल के पास नदी का तट स्थिर है एवं कटाव की समस्या नहीं है। स्थल सुरक्षित है। बाढ़ अवधि 2026 में कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–09/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/171 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–09/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–09/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(क0)–05–09/2026– 1002 पटना, दिनांक– 25/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25.02.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo